# अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर भारत राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सूची

**अर्थव्यवस्था किसे कहते है?**

अर्थव्यवस्था उत्पादन, वितरण एवम खपत की एक सामाजिक व्यवस्था है। यह किसी भी राष्ट्र या क्षेत्र विशेष में अर्थशास्त्र का गतित चित्र है। यह चित्र किसी विशेष अवधि का होता है। उदाहरण के लिए अगर हम कहते हैं 'समसामयिक भारतीय अर्थव्यवस्था' तो इसका तात्पर्य होता है। वर्तमान समय में **भारत** की सभी आर्थिक गतिविधियों का वर्णन। अर्थव्यवस्था अर्थशास्त्र की अवधारणाओं और सिद्धांतों का व्यवहारिक कार्य रूप है।

**अर्थव्यवस्था का अर्थ:**

अर्थव्यवस्था का सन्धि विच्छेद करने पर यह दो शब्दो से मिलने पर बनता है: अर्थ एवम व्यवस्था। अर्थ का तात्पर्य है मुद्रा अर्थात् धन और व्यवस्था का मतलब है एक स्थापित कार्यप्रणाली।

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व में सातवें स्थान पर है। अप्रैल 2014 में जारी रिपोर्ट में वर्ष 2011 के विश्लेषण में विश्व बैंक ने "क्रयशक्ति समानता" (परचेज़िंग पावर पैरिटी) के आधार पर भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था घोषित किया था। वर्ष 2013-14 में भारत का सकल घरेलू उत्पाद भारतीय रूपयों में 113550.73 अरब रुपये था। भारत का वस्तु निर्यात वर्ष 2013-14 में 312.6 बिलियन अमरीकी डॉलर (सीमा शुल्क आधार पर) तक जा पहुंचा। इसने 2012-13 के दौरान की 1.8 प्रतिशत के संकुचन की तुलना में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

**भारत का विदेशी मुद्रा भंडार:**

मार्च 2014 तक भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार 304.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया गया है। यह सूची भारत के सभी 29 राज्यों और 07 केन्द्र शासित प्रदेशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आकार और प्रति व्यक्ति आय पर आधारित है।

**अर्थव्यवस्था के आकार के आधार पर भारत राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सूची:**

| **पद/राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम** | **सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) (अरब रुपयों में)** | **प्रति व्यक्ति आय (हज़ार रूपयों में)** |
|---|---|---|
| भारत | 37900.63 | 31.6050881 |
| महाराष्ट्र | 4324.13 | 44.6345095 |
| उत्तर प्रदेश | 2737.85 | 16.4734311 |
| आंध्र प्रदेश | 2611.73 | 30.484629 |
| तमिल नाडु | 2462.66 | 35.818434 |
| पश्चिम बंगाल | 2360.44 | 29.4406481 |
| गुजरात | 2166.51 | 42.7563946 |
| कर्णाटक | 1740.93 | 33.1298275 |
| राजस्थान | 1241.99 | 21.9793277 |
| मध्य प्रदेश | 1185.86 | 19.6503537 |
| केरल | 1327.39 | 37.372131 |
| संघ क्षेत्र | 1053.85 | 76.0874674 |
| पंजाब | 1047.05 | 42.9841144 |
| हरियाणा | 1006.76 | 47.6131832 |
| बिहार | 796.82 | 9.60041342 |
| उडी़सा | 714.28 | 19.4073241 |
| झारखण्ड | 629.5 | 23.3616861 |
| असम | 575.97 | 21.6079006 |
| छत्तीसगढ़ | 519.21 | 24.9215182 |
| जम्मू और कश्मीर | 242.65 | 24.625 |
| उत्तराखण्ड | 257.76 | 30.3627522 |
| हिमाचल प्रदेश | 254.35 | 42.391 |
| गोआ | 124 | 92.010792 |
| चण्डीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश) | 98.72 | 109.688 |
| मेघालय | 70.42 | 30.66 |

| | | |
|---|---|---|
| त्रिपुरा | 66.01 | 20.628 |
| पाण्डिचेरी (केंद्र शासित प्रदेश) | 64.57 | 66.478 |
| मणिपुर | 64.38 | 18.746 |
| नागालैण्ड | 53.46 | 26.863835 |
| मिज़ोरम | 29.85 | 24.6800207 |
| अरुणाचल प्रदेश | 22.62 | 20.6016933 |
| सिक्किम | 20.4 | 28.3072417 |
| अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह (केंद्र शासित प्रदेश) | 15.62 | 43.876 |
| दादर और नागर हवेली (केंद्र शासित प्रदेश) | 7.001 | 31.822 |
| दमन और दीव (केंद्र शासित प्रदेश) | 5.028 | 31.7817401 |
| लक्षद्वीप (केंद्र शासित प्रदेश) | 1.909 | 31.4756801 |